उत्कर्ष रामस्नेही
गुरुकुल

- शिक्षा
- संस्कार
- अध्यात्म

# उत्कर्ष रामस्नेही गुरुकुल
## एक परिचय





https://ursgurukul.com/

उत्कर्ष रामस्नेही
गुरुकुल

# भारत में अपनी तरह का पहला गुरुकुल

भारत में अपनी तरह का पहला अद्वितीय गुरुकुल, जहाँ विद्यार्थियों को पढ़ने के लिए किसी व्यावसायिक नहीं अपितु भारतीय संस्कृति के वास्तविक प्राचीन गुरुकुल का माहौल आधुनिक पद्धतियों के साथ मिल रहा है।



# गुरुकुल का सामान्य परिचय एवं उद्देश्य

मारवाड़ की पावन धरा पर जोधपुर से लगभग 35किमी दूर तिंवरी उपखंड में स्थित उत्कर्ष रामस्नेही गुरुकुल जो कि उत्कर्ष क्लासेस एवं स्वामी रामप्रसाद जी महाराज के संयुक्त सानिध्य से संचालित है। उत्कर्ष रामस्नेही गुरुकुल यह गुरुकुल सम्पूर्ण भौतिक सुविधाओं युक्त 30 बीघा से अधिक क्षेत्र में फैला हुआ हैं। इसकी स्थापना का उद्देश्य सम्पूर्ण राजस्थान में आर्थिक रुप से कमजोर एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा, आवास एवं भोजन सुविधा उपलब्ध करवाकर संस्कारवान एवं देशप्रेमी नागरिक बनाना है। गुरुकुल में विद्यालय शिक्षा (लगभग 100 विद्यार्थियों) के साथ राजस्थान की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले लगभग 50 प्रतिभाशाली अभ्यर्थी समयबद्ध सरकारी सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं।



# गुरुकुल की प्रमुख विशेषताएँ

1.प्रकृति के शांत वातावरण में अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण सुव्यवस्थित भवन
2.ऑफलाइन एवं ऑनलाइन कक्षाओं के लिए डिजिटल क्लासरुम (प्रशिक्षित एवं अनुभवी शिक्षण स्टाफ )
3.कक्षा षष्ठी से दशमीं के विद्यार्थियों के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण कक्षा-कक्ष
4.शुद्ध सात्विक भोजन व्यवस्था एवं सुव्यवस्थित भोजनशाला
5.विद्यार्थियों एवं आचार्यो के लिए पृथक- पृथक सुव्यवस्थित आवास व्यवस्था
6.सुव्यवस्थित खेल-मैदान व्यवस्था
7.डिजिटल स्वाध्याय कक्ष की व्यवस्था
8.डिजिटल संगणक कक्ष की व्यवस्था
9.तरणताल
10.गौशाला
11.बायोगैस प्लांट
12.राम कुटिया

उत्कर्ष रामस्नेही गुरुकुल



# गुरुकुल छात्रों के लिए नियम

उत्कर्ष रामस्नेही गुरुकुल

1.गुरुकुल में सभी छात्र सनातम धर्म का पालन करेंगे। सभी छात्र सद्गुणों का ग्रहण करने की आदत डालेंगे।

2.सभी छात्र गुरुकुल की दिनचर्या का पालन करेंगे।

3.सभी छात्र प्रधानाचार्य, आचार्य, प्रबंधक, वार्डन के निर्देशों की पालना करेंगे।

4.सभी छात्रों को सत्र के दौरान गुरुकुल में रहना आवश्यक है।

5.सभी छात्रों के लिए निर्धारित किए गए गणवेश को धारण करना अनिवार्य है।

6.छात्रों के लिए गुरुकुल परिसर में मोबाइल फोन का उपयोग पूर्णत: प्रतिबंधित है।

7.सभी छात्रों को वर्ष में दो बार (दीपावली एवं ग्रीष्मकालीन अवकाश) अपने घर जाने का अवकाश मिलेगा।

8.गुरुकुल प्रशासन द्वारा घोषित किए गए अवकाश के अतिरिक्त अन्य कोई अवकाश देय नहीं होगा।

9.छात्रों को वार्षिक परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर ही अगली कक्षा में प्रवेश दिया जायेगा।

10.छात्रों द्वारा गुरुकुल नियमों का उल्लंघन करने पर उनका प्रवेश निरस्त किया जा सकता हैं ।

# गुरुकुल छात्रों के लिए नियम

उत्कर्ष रामस्नेही गुरुकुल

11.छात्र आपस में प्रेमपूर्वक रहेंगे एवं एक-दूसरे के साथ अच्छा व्यवहार करेंगे।

12.गुरुकुल में प्रवेश लेने के उपरान्त सत्र के बीच में छात्रों को गुरुकुल छोड़ने की अनुमति नहीं रहेगी।

13.यदि किसी छात्र द्वारा गुरुकुल की किसी भी सामग्री को नष्ट, नुकसान या गुम कर दिये जाने पर, उसकी क्षतिपूर्ति तत्काल उसके अभिभावकों को करनी होगी।

14.गुरुकुल में छात्रों को केवल प्राथमिक उपचार दिया जावेगा। इसके अलावा उपचार की जिम्मेदारी अभिभावक स्वयं की रहेगी।

15.गुरुकुल रहते छात्र खेलकूद, बीमारी या किसी अन्य कारण के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने पर उसकी जिम्मेदारी गुरुकुल की नहीं रहेगी।

16.गुरुकुल स्वच्छता अभियान हेतु समर्पित है, अत: छात्रों को अपना कक्षा-कक्ष स्वयं साफ करना होगा और अन्य साफ-सफाई में भी सहयोग देना होगा।



# गुरुकुल की दिनचर्या

उत्कर्ष रामस्नेही गुरुकुल

| क्र.स. | समय | कार्य |
|---|---|---|
| 1. | 5:00 AM | प्रातः जागरण |
| 2. | 05:00 AM - 06:00 AM | दैनिक नित्यकर्म |
| 3. | 06:00 AM - 06:45 AM | गीता पाठ, ध्यान, योग एवं व्यायाम |
| 4. | 06:45 AM - 07:15 AM | अल्पाहार |
| 5. | 07:15 AM - 07:25 AM | विद्यालय गमन तैयारी |
| 6. | 07:25 AM - 08:00 AM | वंदना |
| 7. | 08:00 AM - 12:45 PM | विद्यालय कक्षा अध्ययन |
| 8. | 12:55 PM | भोजन |

| क्र.स. | समय | कार्य |
|---|---|---|
| 9. | 01:30 PM - 02:45 PM | वज्रासन, योग निंद्रा एवं अन्य कार्य |
| 10. | 03:00 PM - 04:45 PM | स्वाध्याय व लेखन कार्य |
| 11. | 04:45 PM - 05:00 PM | जलपान |
| 12. | 05:00 PM - 06:00 PM | खेल कूद |
| 13. | 06:00 PM - 06:30 PM | संध्या आरती |
| 14. | 06:45 PM | रात्रि भोजन |
| 15. | 07:30 PM - 09:30 PM | अतिरिक्त कक्षा एवं स्वाध्याय |
| 16. | 09:30 PM - 09:45 PM | धार्मिक ग्रंथ अध्ययन |
| 17. | 09:50 PM | शांति पाठ |
| 18. | 10:00 PM | दीप विसर्जन |

उत्कर्ष रामस्नेही
गुरुकुल

# प्रवेश प्रक्रिया
## (कक्षा 6 से 10)



# विद्यालय प्रवेश की पात्रता

उत्कर्ष रामस्नेही गुरुकुल

1. विद्यार्थी आर.बी.एस.ई बोर्ड (राजस्थान बोर्ड) से हिंदी माध्यम के साथ राजस्थान के किसी राजकीय अथवा गैर राजकीय विद्यालय का नियमित विद्यार्थी रहा हो !

2.विद्यार्थी के माता-पिता में से कोई भी राजकीय सेवा में ना हो तथा परिवार की वार्षिक आय 5 लाख से अधिक ना हो!

3.विद्यार्थी जिस कक्षा हेतु प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होना चाहता है पूर्व की कक्षा में न्यूनतम 60% अंकों के साथ उत्तीर्ण हो!

4. विद्यार्थी जिनके माता-पिता या दोनों में से कोई एक ना हो अथवा आर्थिक रूप से पिछड़े प्रतिभावान विद्यार्थी या 5वीं और 8वीं बोर्ड परीक्षा में जिला टॉपर विद्यार्थी को प्राथमिकता दी जाएगी!

5.विद्यार्थी किसी नियमित व लंबे समय से किसी बीमारी से ग्रसित न हो!

6.विद्यार्थी राजस्थान राज्य का मूल निवासी एवं केवल पुरुष अभ्यर्थी हो!



## प्रवेश परीक्षा संबंधी प्रमुख दिनांक :-

| | |
|---|---|
| फॉर्म भरने की प्रारंभिक दिनांक | 25 मार्च 2025 |
| फॉर्म भरने की अंतिम दिनांक | 25 अप्रैल 2025 |
| प्रवेश पत्र जारी करने की दिनांक | 1 मई 2025 |
| परीक्षा की दिनांक | 10 मई 2025 |
| परीक्षा परिणाम जारी करने की दिनांक | 15 मई 2025 |
| साक्षात्कार,लिखित परीक्षा व दस्तावेज सत्यापन की दिनांक | 22 मई से 26 मई 2025 |
| चयन सूची व प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन | 5 जून 2025 |
| गुरुकुल में चयनित छात्रों की रिपोर्टिंग करने की दिनांक | 23 जून 2025 |
| गुरुकुल में उद्घाटन कार्यक्रम शिक्षा का शुभारंभ / सत्र आरंभ | 25 जून 2025 |

नोट :उपरोक्त पदानुक्रम की दिनांक में यदि किसी प्रकार का कोई परिवर्तन किया जाता है तो आपको इसकी सूचना दे दी जाएगी.

उत्कर्ष रामस्नेही गुरुकुल

# गुरुकुल स्कूली शिक्षा (कक्षा 6 से 10 हेतु) प्रवेश परीक्षा प्रश्न पत्र प्रारूप :-

उत्कर्ष रामस्नेही गुरुकुल

- प्रत्येक कक्षा के लिए अधिकतम समय 120 मिनट (दो घंटे) होगा।
- प्रत्येक कक्षा के लिए कुल 100 प्रश्न होंगे, जिन्हें 6 खंडों में विभाजित किया जाएगा:

  हिंदी - (15), अंग्रेजी - (20), गणित - (20), विज्ञान - (15), सामाजिक विज्ञान - (15), संस्कृत - (15)
- सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के होंगे और कोई नकारात्मक अंकन नहीं होगा।
- प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का होगा तथा अधिकतम अंक 100 होंगे।
- यह परीक्षा ओएमआर आधारित होगी और इंटरव्यू के समय लिखित परीक्षा भी होगी।
- सभी प्रश्न आपकी उत्तीर्ण कक्षा (सत्र - 2024-25) के पाठ्यक्रम आधारित होंगे।

नोट :

विद्यार्थी का अंतिम रूप से चयन OMR शीट पर आधारित प्रवेश परीक्षा, लिखित परीक्षा, साक्षात्कार और आवश्यक दस्तावेज़ सत्यापन के बाद मान्य होगा।


# प्रवेश प्रक्रिया :

पंजीयन करें
पर Click करें




प्रवेश फॉर्म भरने के लिए QR Code Scan करें या
गुरुकुल से सम्बंधित सम्पूर्ण जानकारी , नवीनतम अपडेट,
नियम एवं शर्तें आदि की जानकारी हेतु वेबसाइट
**https://ursgurukul.com/**
पर संबंधित लिंक पर जाकर देखें

# प्रवेश फॉर्म पर click करें




# फॉर्म को सही से पढ़कर अपनी सम्पूर्ण जानकारी भरकर Submit करें




उत्कर्ष रामस्नेही गुरुकुल

उत्कर्ष रामस्नेही
गुरूकुल

# धन्यवाद